कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नेरट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-15.12.2024

विषयः-ईंट से सिर पर वार कर हत्या करने की घटना से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त हीरालाल यादव को थाना बड़ागांव पुलिस ने किया गिरफ्तार।

दिनांक 11.12.2024 को थाना बड़ागांव क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भेलखा के पास राजेश सरोज पुत्र प्रमोद सरोज, निवासी ग्राम सभईपुर थाना शिवपुर उम्र लगभग 28 वर्ष की अज्ञात व्यक्ति द्वारा ईंट से सिर पर वार कर हत्या कर दी गयी थी। मृतक के पिता के तहरीर पर थाना बड़ागांव पुलिस द्वारा मु0अ0स0 525/24 धारा 103 (1) बी.एन.एस. पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यावाही की जा रही है।

पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी महोदय द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन को घटना का शीघ्र अनावरण हेतु टीम गठित कर निर्देशित किया गया था। उक्त आदेश के क्रम में पुलिस उपायुक्त गोमती जोन द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के नेतृत्व में टीम गठित कर थाना प्रभारी बड़ागांव को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे।

इसी क्रम में आज दिनांक 15.12.2024 को थाना बड़ागांव पुलिस द्वारा सुरागरसी पतारसी व इलेक्ट्रानिक/भौतिक साक्ष्य संकलित करते हुए घटना में सलिप्त प्रकाश में आये अभियुक्त हीरालाल यादव पुत्र स्व0 पत्तू यादव, नि0 वाजिदपुर, थाना बड़ागांव, जनपद वाराणसी उम्र करीब 30 वर्ष को कोईराजपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- पूछताछ के दौरान अभियुक्त उपरोक्त ने बताया कि दिनांक 11.12.2024 को ग्राम भेलखा में स्थित देशी शराब की दुकान के पास मृतक उपरोक्त से विवाद हो जाने के कारण मैने अपने दो साथियों के साथ गुस्से में आकर उसे ईंट से बुरी तरह वार कर हत्या कर दिए थे।

नोट- उपरोक्त घटना से सम्बन्धित अभियुक्त बबलू पुत्र स्व0 श्याम सुंदर यादव व अखिलेश यादव उर्फ नथूनी यादव पुत्र अमरनाथ यादव, निवासीगण कोईराजपुर, थाना बड़ागांव, वाराणसी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u> हीरालाल यादव पुत्र स्व0 पत्तू यादव, नि0 वाजिदपुर, थाना बड़ागांव, जनपद वाराणसी उम्र करीब 30 वर्ष।

<u>पंजीकृत अभियोग-</u>

मु0अ0स0 525/2024 धारा 103(1) बीएनएस कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः

प्र0नि0 अतुल कुमार सिंह, थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।
उ0नि0 शिवानन्द सिसौदिया चौ0प्र0 हरहुआ थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।
हे0का0 सुरेश विश्वकर्मा थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।
हे0का0 बृजभूषण यादव थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।
का0 बीरबहादुर यादव थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।
का0 पंकज कुमार थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, गोमती ज़ोन
कमिश्नरेट वाराणसी